कोटपूतली कस्बे में संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग हलवाई का शव मिला

मृतक के चेहरे और सिर पर गंभीर चोटों के निशान मिले, हत्या की आशंका जताई

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे में सोमवार देर रात एक बुजुर्ग हलवाई का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के चेहरे और सिर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिसके चलते परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए स्थानीय पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है। घटना की

- **मृतक के परिजनों का कहना है कि बोदन सैनी की किसी से कोई रंजिश नहीं थी, ऐसे में उनके साथ हुई इस अनहोनी की निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए**



एफएसएल और एमओबी की टीमों ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

गंभीरता को देखते हुए पुलिस के उच्चाधिकारियों के साथ-साथ एफएसएल और एमओबी की टीमों ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात कस्बे के पंचायत समिति के सामने से नागाजी की गौर की ओर जाने वाले मौहल्ला बुचाहेड़ा मार्ग पर शराब के ठेके के समीप एक व्यक्ति अचेत और खून से लथपथ अवस्था में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास निवासी बोदन राम सैनी (62) के रूप में हुई है। बोदन सैनी पेशे से हलवाई का कार्य करते थे। मंगलवार सुबह घटना की खबर फैलते ही कस्बे में शोक व दहशत का माहौल व्याप्त हो गया।

मृतक के शरीर विशेषकर चेहरे व सिर पर चोट के गहरे निशान मिलने से यह मामला सामान्य दुर्घटना के बजाय संदिग्ध हत्या की ओर ईशारा कर रहा है। मंगलवार सुबह मृतक के पुत्र अमरसिंह ने स्थानीय पुलिस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। परिजनों का कहना है कि बोदन सैनी की किसी से कोई रंजिश नहीं थी, ऐसे में उनके साथ हुई इस अनहोनी की निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। सूचना मिलते ही डीएसपी मदन लाल जैफ व नगर परिषद सभापति कमल सैनी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लेकर परिजनों को ढ़ांढ़स बंधाया। जांच को आगे बढ़ाने के लिए पुलिस ने मौके पर एफएसएल और एमओबी टीम को बुलाया। विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की और वहां से खून के नमूने व अन्य महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य एकत्रित किए।

पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही पूरी कर शव को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया करवाई जा रही है। सिर पर गंभीर चोट और हत्या की आशंका के सवाल पर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है, हालांकि अभी तक कोई प्रत्यक्षदर्शी सामने नहीं आया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मृतक वहां कब और किसके साथ आया था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चोटों की प्रकृति और मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा, जिसके आधार पर आगे की सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

केकड़ी में छह मिनट में तिजोरी उड़ा ले गए पांच नकाबपोश बदमाश

शटर तोड़कर किराना दुकान में घुसे चोर, भारी तिजोरी को मोटरसाइकिल पर लादकर ले गए

केकड़ी, (निसं)। केकड़ी शहर के प्रमुख व्यावसायिक इलाके घंटाघर चौराहे पर मंगलवार अलसुबह हुई सनसनीखेज चोरी ने पुलिस की रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। यहां स्थित

- **तिजोरी को खेत में तोड़कर नकदी और चांदी के सिक्के निकाले, करीब चार लाख रुपए की चोरी का अनुमान**
- **दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में पांचों बदमाशों की गतिविधियां रिकॉर्ड हो गई**



खाली तिजोरी खेत में टूटी हुई हालत में मिली।

सस्ता किराणा भंडार को पांच नकाबपोश बदमाशों ने निशाना बनाया। बदमाशों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और भारी-भरकम तिजोरी को बाहर निकालकर मोटरसाइकिल पर लाद लिया। महज छह मिनट में अंजाम दी गई इस वारदात से पूरे शहर में खलबली मच गई।

जानकारी के अनुसार मंगलवार अलसुबह करीब 4:30 बजे पांच बदमाश कंबल ओढ़कर और चेहरे ढककर दुकान के बाहर पहुंचे। पहले उन्होंने दुकान का शटर तोड़कर रास्ता बनाया। इसके बाद तीन बदमाश अंदर दाखिल हुए और तिजोरी को खींचते हुए दुकान से बाहर ले आए। बाहर मौजूद उनके दो साथियों ने तिजोरी को मोटरसाइकिल पर रखा और सभी मौके से फरार हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश जूनियां गेट की ओर निकल गए। बताया जा रहा है कि वे चोरी की गई तिजोरी को सापंदा रोड स्थित एक खेत में ले गए। वहां तिजोरी को तोड़कर उसमें रखी नकदी, चांदी के सिक्के और अन्य कीमती सामान निकाल लिया। खाली तिजोरी बाद में खेत में टूटी हुई हालत में मिली। चोरी से व्यापारी को करीब 4 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान जताया जा रहा है।

वारदात के दौरान आसपास मौजूद कुछ लोगों की नजर बदमाशों पर पड़ गई। उन्होंने शोर मचाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाशों ने जवाब में उनकी तरफ पत्थर फेंके और दहशत फैलाकर भागने में कामयाब हो गए। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में पांचों बदमाशों की गतिविधियां रिकॉर्ड हो गई हैं। फुटेज में उनकी पूरी करतूत सामने आई है। घटना की सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस के एएसआई सम्पतराज मीणा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि आरोपियों की पहचान और उनके फरार होने के रास्ते का पता लगाया जा सके। पुलिस के अनुसार चोरी की गई तिजोरी बरामद कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

माण्डलगढ़ से भीलवाड़ा एनएच-758 की सड़क पर अधूरे कार्य से हादसों का खतरा

माण्डलगढ़, (निसं)। लाडपुरा से भीलवाड़ा तक राष्ट्रीय राजमार्ग-758 कागजों में तो घोषित हैं, लेकिन सड़क टू लेन ही बनी हुई हैं, पर टोल टैक्स वसूली एनएच के नियम कायदे से वसूला जा रहा हैं। वहीं सड़क सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाएँ कहीं नजर नहीं आती हैं।

- **घोषित ब्लैक स्पॉट की सड़क की चौड़ाई का निर्माण कार्य चार माह से ठप पड़ा है**
- **यश पावन धाम के पास सड़क के दोनों ओर गहरी खाइयां और कंक्रीट हादसों की वजह बनीं**

गौरतलब है कि बीगोद से आगे भीलवाड़ा की ओर यश पावन धाम के पास सड़क हादसों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मार्ग पर कई हादसे होने के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इसे ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित किया है। इसके बावजूद यहां सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं होने से वाहन चालकों और राहगीरों की परेशानी कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार, हादसों की आशंका को देखते हुए इस मार्ग पर 2 किलोमीटर तक की सड़क की चौड़ाई बढ़ाने का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन पिछले करीब चार माह से निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है। अधूरे निर्माण के चलते सड़क के दोनों किनारों पर गहरी खाइयां बनी हुई हैं। वहीं सड़क किनारे पर डाली गई कंक्रीट और निर्माण सामग्री भी वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। रात के समय तथा तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों के लिए यह स्थिति और अधिक खतरनाक साबित हो सकती है।

बीगोद नगर पालिका पार्षद मुनीर लुहार का कहना है कि जिस स्थान को एनएचएआई ने खुद ब्लैक स्पॉट माना है, वहां प्राथमिकता के आधार पर सड़क सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए थे, लेकिन निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। आए दिन होने वाले हादसों से क्षेत्र के लोगों में भय और नाराजगी का माहौल है।

पार्षद मुनीर लुहार ने एनएचएआई की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू करने के बाद उसे बीच में ही छोड़ देना सड़क पर गुजरने वाले वाहनधारियों और आमजन की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। यदि निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं किया जा सकता था तो कम से कम सड़क किनारों पर सुरक्षा संकेतक, बैरिकेडिंग और अन्य जरूरी इंतजाम किए जाने चाहिए थे। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण वाहन चालकों को रोजाना जोखिम उठाकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है।

लाडपुरा से भीलवाड़ा तक 60 किलोमीटर की टू लेन सड़क पर यातायात का भारी दबाव हैं। त्रिवेणी, बीगोद, सवाईपुर में सड़क पर अतिक्रमण की वजह से कई बार जाम की स्थिति बनी रहती हैं, एम्बुलेंस तक को सुगम रास्ता नहीं मिलता हैं। इस मार्ग पर लगातार बढ़ते हादसों और ब्लैक स्पॉट की सड़क के चौड़ाई करण का काम चार माह से बंद पड़े होने की परेशानी को लेकर ग्रामीणों में एनएचएआई के जिम्मेदारों के प्रति भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क चौड़ीकरण का कार्य दोबारा शुरू कर पूरा नहीं कराया गयातो क्षेत्रवासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

आपसी विवाद में कार चालक पर हमला किया

जोधपुर, (कासं)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित एक साफा हाउस के सामने कार चालक को रूकवा कर उस पर लोहे के पाइप से हमला किया गया। हमले में चालक घायल हो गया। पीड़ित ने नामजद व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि विश्नोईयों की ढाणी पांचला सिद्धा खींवसर निवासी अश्विनी कुमार पुत्र झूमरराम की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह अपनी कार लेकर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित आदेश साफा हाउस के सामने से निकल रहा था। तब चामू का बजरंग लाल आदि वहां आए और उसकी कार को रूकवा कर मारपीट की। उस पर लोहे के पाइप से हमला किया जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। मामला आपसी विवाद का होना बताया गया है। पुलिस की तरफ से जांच जारी है।

नोखा विधायक सुशीला डूडी, देहात कांग्रेस अध्यक्ष पर केस दर्ज

बीकानेर, (निसं)। जिला परिषद में जिला प्रमुख चुनाव से ठीक पहले नोखा विधायक सुशीला डूडी, देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग और कांग्रेस नेता भंवर कूकणा के खिलाफ जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। वार्ड नौ से कांग्रेस सदस्य मैना देवी के पति नेमाराम ने तीनों पर पत्नी को जबरन ले जाने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह के अनुसार, विधायक से जुड़ा मामला होने के कारण इसकी जांच सीआईडी-सीबी को सौंप दी गई है। अब मामले में आगे की कार्रवाई सीआईडी-सीबी करेगी।

- **कांग्रेस सदस्य मैना देवी के पति नेमाराम ने पत्नी को जबरन ले जाने का आरोप लगाया है**
- **विधायक से जुड़ा मामला होने के कारण इसकी जांच सीआईडी-सीबी को सौंपी : थाना प्रभारी**

शिकायत के अनुसार, 20 नवंबर को मतगणना के बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज में सर्टिफिकेट वितरण के दौरान कांग्रेस के दो पक्ष आमने-सामने हो गए थे। इस दौरान मैना देवी के देवर के साथ धक्का-मुक्की और कपड़े फाड़ने का आरोप है। इसके बाद मैना देवी को जबरन अपने साथ ले जाने की शिकायत की गई।

शिकायत के अनुसार, 20 नवंबर को जिला परिषद चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद जीते सदस्यों को सर्टिफिकेट दिए जा रहे थे। इसी दौरान कांग्रेस के दो पक्ष आमने-सामने हो गए। मौके पर मौजूद मैना देवी के देवर ने आरोप लगाया कि उनके साथ धक्का-मुक्की की गई और कपड़े फाड़े गए। इसके बाद मैना देवी को जबरन अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया गया। जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि जिला परिषद के वार्ड-9 से कांग्रेस सदस्य मैना देवी के पति नेमाराम ने इर्द दर्ज कराई है। नेमाराम ने शिकायत में आरोप लगाया कि नोखा विधायक सुशीला डूडी, देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग और कांग्रेस नेता भंवर कूकणा उनकी पत्नी मैना देवी को जिला परिषद चुनाव के नतीजे आने वाले दिन पॉलिटेक्निक कॉलेज से जबरन अपने साथ ले गए।

गौरतलब है कि बीकानेर में जिला प्रमुख पद को लेकर कांग्रेस के दो गुटों में खींचतान चल रही है। एक गुट नोखा विधायक सुशीला डूडी का है। उनकी पुत्रवधु निकिता डूडी को जिला प्रमुख पद का दावेदार माना जा रहा है। दूसरा गुट पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविन्दराम मेघवाल का है। उन्होंने अपनी बेटी सरिता चौहान को जिला प्रमुख पद का दावेदार बनाने की घोषणा की थी। गोविन्दराम मेघवाल ने कहा था कि उनके क्षेत्र खाजूवाला, पूगल और छत्तरगढ़ में जिला परिषद के 8 सदस्य जीते हैं। ऐसे में वे सरिता चौहान की दावेदारी पेश करेंगे। हालांकि, अंतिम फैसला पार्टी को ही करना है। दोनों गुटों ने अलग-अलग बाड़ेबंदी कर रखी है। इसी के चलते दोनों पक्ष जिला परिषद सदस्यों को अपने गुट में शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

चार गिरफ्तार

झुंझुनूं, (निसं)। जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे पुलिस अभियान के तहत सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तारी वारंटों में वांछित चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए वारंटियों में सुभाष पुत्र पालाराम निवासी पुरा की ढाणी, महेश कुमार पुत्र मूलचन्द निवासी अजाड़ी कलां, राकेश कुमार पुत्र रामकुमार निवासी अजाड़ी खुर्द तथा सुमेर सिंह पुत्र नौरंगराम निवासी खाजपुरा नया, हाल आबाद अणगासर शामिल हैं। चारों आरोपी गिरफ्तारी वारंटों में वांछित थे।

हिंडौन शहर में छत से गिरा युवक, मौत

ईंट से पैर टकराने के बाद बैलेंस बिगड़ जाने से हादसा हुआ

हिंडौन सिटी, (निसं)। शहर की जाटव बस्ती में सोमवार रात छत से गिरकर 26 साल के युवक की मौत हो गई। युवक मकान की छत पर बने शौचालय जा रहा था। इसी दौरान अंधेरे में उसका पैर ईंट से टकरा गया और संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

- **युवक मकान की छत पर बने शौचालय में जा रहा था**

कोतवाली थाने के एएसआई समंदर सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान सूरज जाटव (26) पुत्र जगदीश जाटव के रूप में हुई है। उसके भाई सुनील ने थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार, मकान की छत पर बाउंड्री वॉल नहीं थी। सोमवार रात करीब 8 बजे सूरज छत पर बने शौचालय जा रहा था। इसी दौरान अंधेरे में उसका पैर ईंट से टकरा गया और वह संतुलन खोकर नीचे गिर गया। ड्यूटी डॉक्टर मुकेश गुर्जर के अनुसार, छत से गिरने के दौरान सूरज का सिर खात्थर से टकराया था, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई। मंगलवार को जिला अस्पताल की मोर्चरी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

चचेरे भाई महेंद्र जाटव ने बताया कि सूरज मजदूरी करता था और अविवाहित था। उसके बड़े भाई विजय की करीब पांच साल पहले सिलिकोसिस से मौत हो गई थी। परिवार में अब सूरज के दो भाई और विधवा मां हैं। पोस्टमॉर्टम के दौरान परिजन और इलाके के लोग मौजूद रहे।

चोरी की वारदात का पर्दाफाश, महिला गिरफ्तार

झुंझुनूं, (निसं)। शहर के न्यू हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र स्थित राजकीय आवास में हुई सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी की वारदात का कोतवाली पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने खुलासा कर दिया है। संयुक्त पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 50 वर्षीय महिला भंवरी देवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद कर लिए हैं।

पुलिस के अनुसार, परिवादी संजीव कुमार (31) निवासी ढाणी निहालोठ, पचेरी कलां ने 11 नवंबर को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 10 नवंबर को परिवार के सदस्यों की गैरमौजूदगी में अज्ञात व्यक्ति ने न्यू हाउसिंग बोर्ड स्थित उनके राजकीय आवास में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। अगले दिन दोपहर उनके ससुर तेजसिंह ने फोन पर चोरी की सूचना दी। घर पहुंचकर जांच करने पर आभूषण गायब मिले। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

वारदात की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली सीआई श्रवण कुमार मील ने खुलासे के लिए पुलिस टीमों को सक्रिय किया। घटनास्थल का निरीक्षण करवाकर साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास करीब एक किलोमीटर के दायरे में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा कई संदिग्धों से पूछताछ की गई। 23 नवंबर को डीएसटी एवं कोतवाली पुलिस ने संदिग्ध भंवरी देवी से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में चोरी की वारदात स्वीकार करने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अनुसंधान के दौरान चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद कर लिए गए। गिरफ्तार महिला की पहचान भंवरी देवी पत्नी सीताराम (50) निवासी छोटूराम के मकान, आदर्श कॉलोनी, रीको क्षेत्र, झुंझुनूं के रूप में हुई है।

भरतपुर में तीन गाड़ियां टकराई, एक दर्जन लोग घायल

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर के गहनोली मोड़ थाना क्षेत्र में बर पीपर मोड़ पर तीन गाड़ियां आपस में भिड़ गई। हादसे में एक दर्जन के करीब लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जिन्होंने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

दुर्घटना में घायल हर्षित ने बताया कि उनका परिवार ग्वालियर से बालाजी दर्शन को जा रहा था तभी रूपवास रोड पर एक गाड़ी ने ओवरटेक करते हुए उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। वहीं दूसरी गाड़ी में सवार हेलक गाँव निवासी घायलों के परिजनों ने बताया कि उनका परिवार सरेंधी के पास एक महत्मा के दर्शन को जा रहा था तभी एक तेज रफ्तार गाड़ी में उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। जिसमें उनके परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इसी प्रकार तीसरी गाड़ी में सवार लोग भी घायल हुए हैं सभी घायलों को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में 12 फीट ऊंची फलदार जंगली बेर की झाड़ी मिली

बूंदी, (निसं)। जंगलों में प्रकृति की समृद्ध जैव विविधता और देशज वनस्पतियों का अनूठा संसार छिपा है। इसका उदाहरण रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के भाला वन क्षेत्र में देखने को मिला, जहां वन्यजीव प्रेमी पृथ्वी सिंह राजावत को करीब 12 फीट ऊंची फलदार जंगली बेर की झाड़ी मिली।

- **वन्यजीव प्रेमी पृथ्वी सिंह राजावत ने विशिष्ट देशी प्रजाति से प्रभावित होकर राजावत ने बेर एकत्रित कर उनके बीज सुरक्षित सहेजे**



रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के भाला वन क्षेत्र में वन्यजीव प्रेमी पृथ्वीसिंह राजावत को करीब 12 फीट ऊंची फलदार जंगली बेर की झाड़ी मिली

झाड़ी पर बड़ी संख्या में लगे बेर न केवल आकार और प्राकृतिक बनावट में आकर्षक थे, बल्कि स्वाद में भी बेहद मीठे और रसदार थे। इस विशिष्ट देशी प्रजाति से प्रभावित होकर राजावत ने बेर एकत्रित कर उनके बीज सुरक्षित सहेजे हैं। उनका संकल्प इन बीजों से पौधे तैयार कर खेतों की मेड़ों, गांवों के आसपास और उपयुक्त खाली स्थानों पर रोपित करने का है।

पृथ्वी सिंह राजावत का मानना है कि जंगलों में प्राकृतिक रूप से विकसित होने वाली ऐसी देशी फलदार प्रजातियों का संरक्षण और विस्तार समय की आवश्यकता है। इनका महत्व केवल फल उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि ये स्थानीय पारिस्थितिकी, जैव विविधता और वन्यजीवों के प्राकृतिक भोजन चक्र को भी मजबूती प्रदान करती हैं। बीज संग्रह की यह पहल प्रकृति की पारंपरिक खाद्य विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में एक छोटा लेकिन सार्थक प्रयास है।

पोषण से भरपूर है देशी बेर :- बेर स्वाद के साथ पोषण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मौसमी फल है। इसमें विटामिन-सी, विटामिन-ए के पूर्वगामी तत्व, बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन, पोटेशियम, कैल्शियम, फास्फोरस और आहार फाइबर जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। विटामिन-सी शरीर की सामान्य प्रतिरक्षा प्रणाली के सुचारु संचालन में सहायक है, जबकि फाइबर पाचन तंत्र के सामान्य कामकाज के लिए उपयोगी है। इसकी एक विशेषता यह भी है कि बेर की अनेक देशी प्रजातियां कम वर्षा और गर्म जलवायु में भी आसानी से विकसित हो जाती हैं। यही कारण है कि राजस्थान जैसे शुष्क एवं अद्धर्शुष्क क्षेत्रों में इनका विशेष महत्व है।

आयुर्वेद चिकित्सालय बूंदी के प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुशवाह ने बताया कि आयुर्वेदिक परंपरा में बेर के फल का उल्लेख मिलता है। पारंपरिक आयुर्वेदिक ग्रंथों और वनौषधि संबंधी अध्ययनों में इसका उपयोग पाचन संबंधी समस्याओं, अत्यधिक प्यास तथा शरीर की कुछ सामान्य असहजताओं में वर्णित है। सर्दियों में उपलब्ध होने वाला यह मौसमी फल प्राकृतिक पोषक तत्वों का अच्छा स्त्रोत है। नवंबर से फरवरी के बीच इसकी विभिन्न किस्मों में फल पकते हैं। पके बेर स्वाद में मीठे होते हैं, जबकि कच्चे बेर में खट्टापन रहता है। इन्हें ताजा खाने के साथ सुखाकर भी संरक्षित किया जाता है।

वनस्पति शास्त्र के सह आचार्य डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मीणा ने बताया कि ग्रामीण और वनवर्ती क्षेत्रों में पाई जाने वाली जंगली बेर की झाड़ी, जिसे झरबेरी भी कहा जाता है, प्रकृति की महत्वपूर्ण देशी वनस्पतियों में से एक है। इसका वानस्पतिक नाम जिजिफस न्यूमुलेरिया है तथा यह रैमनेसी कुल की झाड़ी है। कांटेदार शाखाओं और छोटी पत्तियों वाली यह झाड़ी कम पानी, तेज गर्मी और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सहजता से पनपती है। इसके छोटे फल पकने पर लालिमा लिए हुए तथा स्वाद में मीठे और स्वादिष्ट होते हैं।

हनुमानगढ़ में नशा तस्करी के पैसों से खरीदा प्लॉट फ्रीज

हनुमानगढ़, (निसं)। जिले में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 लाख रुपए कीमत का प्लॉट फ्रीज किया है। पुलिस के मुताबिक, यह प्लॉट आरोपी सिकंदर खान (22) ने नशा तस्करी से कमाए पैसों से अपनी मां शमशाद बेगम के नाम पर खरीदा था। टिब्बी क्षेत्र के गुडिया गांव निवासी आरोपी के खिलाफ आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार, फ्रीज किया गया प्लॉट करीब 10 लाख रुपए का है और उसके चारों ओर चारदीवारी बनी हुई है। जांच में सामने आया कि सिकंदर खान की आय का कोई वैध स्रोत नहीं मिला। पुलिस का आरोप है कि उसने नशे के अवैध कारोबार से अर्जित रकम से यह संपत्ति खरीदी थी। इसी आधार पर पुलिस ने संपत्ति को फ्रीज कराया। पुलिस के मुताबिक, 7 दिसंबर 2024 को गश्त के दौरान सिकंदर खान को कार में 251 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी कई साल से नशा तस्करी में शामिल है।